प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सनातन नव वर्ष विक्रम संवत के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर 01 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंध विभाग में अध्ययनरत चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा इवेंट इन डकोर मैनेजमेंट कोर्स के अंतर्गत आज सनातन नव वर्ष विक्रम संवत 2075 का आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन को नवोदित अभिव्यक्ति नाम से आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय उपस्थित थी। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, भारतीय सनातन संस्कृति से परिचित कराना एवं नव वर्ष चैत्र को ही क्यों मनाया जाता है, इस विषय पर जानकारी देना था। साथ ही इस आयोजन में विद्यार्थियों को इवेंट मैनेजमेंट की व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात विभिन्न विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने सनातन नव वर्ष के इतिहास एवं उसके महत्व के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सभी विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि वह अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को अपना अभिन्न अंग बनाए रखेंगे।

कार्यक्रम में डा. अनुराधा दत्ता; डा. अनुपमा पांडे; डा. शेफाली; डा. दिव्या सिंह; डा. संध्या; श्री अभीक खस्तगीर एवं डा. सुनीता शर्मा के साथ विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकगण।